तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

16 स्वतंत्रता दौड़ में एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ...

14 जिले में साइबर जागृति अभियान की शुरुआत...

खबर संक्षेप

महापौर की सरकारी कार पर बरसे पत्थर युवक हिरासत में

भिलाई। भिलाई-चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे की सरकारी कार पर पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई-3 थाना क्षेत्र के गनियारी गांव की बताई जा रही है। पथराव में सरकारी वाहन का शीशा टूट गया। मामले में पुलिस ने गांव के ही निवासी निखिल टंडन को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार महापौर का सरकारी वाहन क्रमांक सीजी 07 सीयू 9918 उनके गनियारी गांव स्थित धर्मेंद्र कोसरे के निवास के बाहर खड़ा था। सुबह करीब 6.30 बजे अचानक जोर की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखने पर वाहन के शीशे पर पत्थर लगने से शीशा क्षतिग्रस्त मिला। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में कथित तौर पर एक युवक द्वारा वाहन पर पत्थर मारते हुए दिखाई देने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच आगे बढ़ाई और युवक की पहचान गांव के ही निवासी निखिल टंडन के रूप में किए जाने के बाद उसे हिरासत में लिया। शिकायतकर्ता कार चालक कामता साहू ने पुलिस को बताया कि वाहन ग्राम गनियारी का रहने वाला निखिल टंडन ने पत्थर मारकर कांच को तोड़ा है। शीतला तालाब पार में निखिल टंडन से पूछताछ करने पर उसने गालीगलोज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने पास रखे चाकू निकालकर दौड़ाया।

अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से मारी कार को ठोकर

भिलाई। खुर्सीपार गेट चौक सिग्नल के पास नेशनल हाईवे रोड पर लाल सिग्नल के दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से ठोकर मार दी। इससे कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। शिकायत पर खुर्सीपार थाना पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजे 2004 के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आमगांव जिला गोंदिया निवासी चंद्रकुमार शिवनकर ने पुलिस को बताया कि आमगांव के अविनाश दशरथ शिवनकर का ट्रक कुम्हारी में खराब हो गया था। इसे सुधरवाने मिस्त्री लेकर गुरुवार क चंद्रकुमार शिवनकर, अविनाश शिवनकर, दशरथ शिवनकर और आकाश पटले चारो लोग पंकज पटले की होण्डा मोविलो कार एमएच 03 बीएस 8727 से आमगांव से कुम्हारी जा रहे थे। जैसे ही खुर्सीपार गेट चौक के पास पहुंचकर सिग्नल रेड होने से कार को रोका तो उसी समय ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीजे 2004 ने काफी तेज रफतार और लापरवाही से चलाते कार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया। इससे कार क्षतिग्रस्त हुई और कार में बैठे लोग बाल-बाल बचे ।

ग्रामीणों से विवाद के बाद मारपीट, अपराध दर्ज

भिलाई। हरेली पर्व के अवसर पर पौधरोपण को लेकर भिलाई-3 थाना क्षेत्र में विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। शासकीय जमीन पर पौधरोपण करने पहुंचे ग्रामीणों का कुछ लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि जमीन पर कब्जे की बात कहते हुए पौधरोपण का विरोध किया गया और इसके बाद गाली-गलौज, धक्का-मुक्की तथा जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में भिलाई-3 पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में प्रार्थी विनय चंद्राकर ने बताया कि 12 अगस्त को हरेली पर्व के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। इसके लिए औंरी नाला के पास स्थित शासकीय जमीन को चिन्हित किया गया था। विनय के अनुसार सुबह करीब 9 बजे वह गांव के अन्य लोगों के साथ पौधरोपण करने के लिए मौके पर पहुंचा।

परेशानी : जर्जर पशु अस्पतालों में इलाज का संकट, खतरे के साए में पशु और पशुपालक

जर्जर भवनों के भरोसे पशु चिकित्सा व्यवस्था 10 प्रमुख केंद्रों की हालत खस्ता, जीर्णोद्धार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पशु चिकित्सा व्यवस्था की तस्वीर इन दिनों बेहद चिंताजनक नजर आ रही है। किसानों और पशुपालकों के लिए पशुधन उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है, लेकिन इन्हीं पशुओं के उपचार के लिए संचालित कई पशु चिकित्सालय और पशु औषधालय खुद बदहाली का शिकार हैं। जिला मुख्यालय स्थित मुख्य पशु चिकित्सालय से लेकर नवागढ़, नांदघाट, दाढ़ी, थान खम्हरिया, देवकर, परपोड़ी, साजा, बेरला और देवरबीजा जैसे प्रमुख केंद्रों में भवनों की हालत खस्ताहाल बताई जा रही है। जर्जर भवनों के बीच डॉक्टर,कर्मचारी और पशुपालक किसी तरह अपनी जिम्मेदारी निभाने और उपचार कराने को मजबूर हैं।

हालात यह हैं कि जिले में दूसरे विभागों के लिए नए और सर्वसुविधायुक्त भवन तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग के कई पुराने भवनों की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव के अभाव में भवनों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। ऐसे में बरसात के मौसम में खतरा और बढ़ गया है। कमजोर छत, दीवारों में आई दरारें और भवन की जर्जर संरचना कभी भी परेशानी का कारण बन सकती है।

करीब दस प्रमुख केंद्रों पर जिम्मेदारी

जिला मुख्यालय के मुख्य पशु चिकित्सालय के अलावा नवागढ़, नांदघाट, दाढ़ी, थान खम्हरिया, देवकर, परपोड़ी, साजा, बेरला और देवरबीजा सहित जिले के करीब दस प्रमुख स्थानों पर पशु चिकित्सा केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं का उपचार, बीमारी की रोकथाम और पशुपालकों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में पशु औषधालय भी संचालित हैं। इन केंद्रों की व्यवस्था और निगरानी की जिम्मेदारी सहायक पशु शल्य चिकित्सा अधिकारियों तथा विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों के जिम्मे है। लेकिन कई स्थानों पर भवन और संसाधनों की स्थिति विभागीय सेवाओं के अनुरूप नहीं होने से कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पशुपालकों की मजबूरी, जर्जर भवन में उपचार: जिले में बड़ी संख्या में किसान खेती के साथ पशुपालन पर निर्भर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से पशुपालक अपने मवेशियों को उपचार के लिए इन केंद्रों तक लेकर आते हैं। बीमार या घायल पशुओं को लेकर अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें जिस भवन में उपचार की सुविधा मिलती है, उसकी स्थिति देखकर वे खुद भी चिंतित हो जाते हैं। इसके बावजूद मजबूरी में पशुओं का इलाज इन्हीं केंद्रों में कराना पड़ रहा है। पशु पालकों का कहना है कि पशु चिकित्सा केंद्र केवल उपचार स्थल नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था से सीधे जुड़े महत्वपूर्ण संस्थान हैं। पशुओं के समय पर उपचार नहीं मिलने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ऐसे में इन केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना जरूरी है।

बरसात में बढ़ी चिंता: मानसून के दौरान जर्जर सरकारी भवनों की स्थिति और गंभीर हो जाती है। बारिश के कारण दीवारों और छतों में नमी आने से पहले से कमजोर ढांचा और प्रभावित हो सकता है। ऐसे में अस्पताल आने वाले पशुपालकों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी हादसे के बाद सुधार करने के बजाय समय रहते भवनों की स्थिति का तकनीकी परीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत कराई जानी चाहिए।

नए भवनों की भी दरकार

जहां मरम्मत से भवनों को सुरक्षित बनाया जा सकता है, वहां तत्काल जीर्णोद्धार कराया जाना चाहिए। वहीं जिन भवनों की स्थिति इतनी खराब है कि मरम्मत के बावजूद उनका उपयोग सुरक्षित नहीं है, वहां नए भवनों का निर्माण किया जाना जरूरी है। पशुपालकों का कहना है कि आधुनिक सुविधाओं से लैस पशु चिकित्सा केंद्र होने से न केवल उपचार व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि विभागीय कर्मचारियों को भी सुरक्षित और सुविधाजनक कार्यस्थल मिल सकेगा।

शासन-प्रशासन से जीर्णोद्धार की मांग

स्थानीय पशुपालकों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जिले के सभी पशु चिकित्सालयों और पशु औषधालयों का विस्तृत सर्वे कराने की मांग की है। जर्जर भवनों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत, जीर्णोद्धार और आवश्यकतानुसार नए भवनों का निर्माण कराया जाए। साथ ही अस्पतालों में पेयजल, बिजली, प्रतीक्षालय, दवा भंडारण और उपचार से जुड़ी अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। पशुपालकों का कहना है कि जब पशुओं के इलाज की जिम्मेदारी सरकार की व्यवस्था पर है, तो उपचार केंद्र भी सुरक्षित और सुविधा-संपन्न होने चाहिए।

शराब परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की है। शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल समेत कुल करीब 44 हजार रुपये का सामान जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना नवागढ़ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध रूप से शराब लेकर शराब भट्ठी से ग्राम साल्हेघोरी की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने नवागढ़-साल्हेघोरी मार्ग स्थित सड़क पुल के पास घेराबंदी की। इस दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक CG 28 N 7098 से जा रहे दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान विक्रम अनंत (23), पिता बिरबल अनंत और परमेश्वर अनंत (24), पिता गनपत अनंत, दोनों निवासी ग्राम साल्हेघोरी, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा के रूप में की है। उनके कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन शराब, कुल 9,000 एमएल, जिसकी कीमत करीब 4 हजार रुपये, बरामद की गई। साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, जिसकी अनुमानित कीमत 40 हजार रुपये है, भी जब्त की गई। पुलिस ने कुल करीब 44 हजार रुपये की सामग्री जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना नवागढ़ में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक योगेश यादव, आरक्षक नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, रेखन साहू, मुकेश माहिरे तथा थाना नवागढ़ के प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश मनहरे, आरक्षक राज आडिल और गजानंद पटेल सहित साइबर सेल एवं थाना नवागढ़ के पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बेसिक स्कूल मैदान में सांसद विजय बघेल करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड रहेगी आकर्षण का केंद्र

देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 15 अगस्त को प्रातः बेसिक स्कूल मैदान में गरिमामय एवं भव्य रूप से किया जाएगा।

समारोह में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के पश्चात सांसद विजय बघेल प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेशवासियों के नाम दिए गए संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद समारोह में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही जवानों एवं विद्यार्थियों की ओर से भव्य परेड का प्रदर्शन किया जाएगा।

समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर उनके योगदान को नमन किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

देवरबीजा में निकली तिरंगा रैली

बेरला। देशभक्ति और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय देवरबीजा में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर उत्साह के साथ शामिल हुए।

भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने शान से राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम का संदेश दिया। रैली में ग्राम प्रमुख हेमलाल देवांगन, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कोमल प्रसाद देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, जनपद सदस्य सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य सविता तिवारी, वरिष्ठ व्याख्याता रामनिवास वर्मा, हीरालाल साहू, दिनेश कुमार तिवारी, महेंद्र निषाद, दीनानाथ साहू, राधम्मा, राय एवं द्विवेदी सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रैली में सहभागिता की और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

गांजे की तस्करी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और परिवहन के खिलाफ बेमेतरा पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। सिटी कोतवाली पुलिस, साइबर सेल एवं चौकी देवरबीजा की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 924 ग्राम गांजा, तीन टच स्क्रीन मोबाइल और परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल करीब 8 लाख 88 हजार 860 रुपये का सामान जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को चौकी देवरबीजा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बेरला से रेवे होते हुए ग्राम खम्हरिया (एम) की ओर एक सफेद रंग के वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 8168 में दो-तीन व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री के लिए आ रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद उनके मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने ग्राम खम्हरिया (एम) देवरबीजा से बेरला मेन रोड पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बेरला की ओर से आ रहे संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में सवार यामेश सिन्हा (19), निवासी बीजाभाठ, थाना बेमेतरा, योगेश साहू (28), निवासी कोबिया कॉलोनी, बेमेतरा तथा राहुल साहू (22), निवासी खम्हरिया (एम), चौकी देवरबीजा को गांजा के साथ पकड़ा गया। तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 924 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 28,860 रुपये, तीन टच स्क्रीन मोबाइल, करीब 60 हजार रुपये कीमत के तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये है, जब्त की गई। कुल जब्ती की कीमत करीब 8,88,860 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है।

संयुक्त टीम की कार्रवाई

इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, आरक्षक नुरेश वर्मा, रेखन साहू, जयकिशन साहू, मुकेश माहिरे तथा चौकी देवरबीजा से प्रधान आरक्षक अवधेश सिंह, आरक्षक रोशन वर्मा, सबीत गोयल, मुकेश चंद्रवंशी, छोटूराम टेम्बुकर सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शांति भोज में नहीं होगा दिखावा, परोसा जाएगा सादा भोजन

साहू समाज की बड़ी पहलः तालाब में सार्वजनिक रूप से चूड़ी फोड़ने की रस्म बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाज में व्याप्त अनावश्यक रूढ़ियों, दिखावे और सामाजिक खर्च को कम करने की दिशा में जिला साहू संघ ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। जिले के प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय नरसीग साहू के आगामी 16 अगस्त को होने वाले दसगात्र कार्यक्रम के पूर्व 13 अगस्त को ग्राम मंजगांव, परिक्षेत्र छीरहा, तहसील दाढ़ी स्थित उनके निवास पर जिला साहू संघ के पदाधिकारियों, महिला पदाधिकारियों, तहसील, परिक्षेत्र एवं ग्रामीण स्तर के प्रतिनिधियों तथा मृतक के परिजनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष नारद साहू के साथ समाज के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में स्वर्गीय नरसीग साहू के दसगात्र से जुड़ी सामाजिक परंपराओं और वर्तमान समय में उनमें आवश्यक सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समाज सुधार की भावना से लिए गए निर्णयों को उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।

चूड़ी फोड़ने की रस्म खत्म

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दसगात्र के दिन मृतक की पत्नी के हाथों की चूड़ी फोड़ने की रस्म अब सार्वजनिक रूप से तालाब में जाकर नहीं की जाएगी। यह रस्म घर में ही सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न की जाएगी। समाज द्वारा लिए गए इस निर्णय को सामाजिक कुरीतियों और अनावश्यक सार्वजनिक रस्मों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस पहल से न केवल परिवार को अनावश्यक सामाजिक दबाव से राहत मिलेगी, बल्कि बदलते समय के अनुरूप समाज में सकारात्मक और व्यवहारिक बदलाव का संदेश भी जाएगा।

दिखावे और अनावश्यक खर्च से दूर रहेगा शांति भोज

बैठक में दसगात्र के अवसर पर आयोजित होने वाले शांति भोज को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं परिजनों ने सर्वसम्मति से तय किया कि शांति भोज में सादा भोजन ही परोसा जाएगा। भोज में अनावश्यक आडंबर, दिखावा और अतिरिक्त खर्च से बचने पर जोर दिया गया। समाज के पदाधिकारियों का मानना है कि किसी व्यक्ति के निधन के बाद परिवार पहले ही भावनात्मक पीड़ा से गुजरता है। ऐसे समय में सामाजिक परंपराओं के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने के बजाय सादगी, संवेदना और सहयोग की भावना को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

समाज सुधार के संदेश के साथ आगे बढ़ने की पहल

जिला साहू संघ की यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश देने वाली मानी जा रही है। पदाधिकारियों ने कहा कि परंपराओं का सम्मान करते हुए उन रस्मों और प्रथाओं में समय के अनुसार बदलाव जरूरी है, जिनसे परिवार पर अनावश्यक सामाजिक या आर्थिक दबाव पड़ता हो। सादगीपूर्ण संस्कार और सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति ही समाज को मजबूत बनाने की दिशा में सार्थक कदम है। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने स्वर्गीय नरसीग साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके समाजसेवी योगदान को स्मरण किया। बैठक में जिला साहू संघ अध्यक्ष नारद साहू, महासचिव बेनूराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दुकलहा साहू, प्रदेश महिला संगठन सचिव रीना साहू, जिला महिला संयोजिका लक्ष्मी साहू, तहसील अध्यक्ष मोहित साहू, बेमेतरा तहसील महिला संयोजिका शीलू साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष धन्नू साहू एवं ग्रामीण अध्यक्ष गणपत साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी, प्रमुख महिलाएं, पुरुष सदस्य एवं स्वर्गीय नरसीग साहू के परिजन उपस्थित रहे।

आजादी की गौरवशाली पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष छाबड़ा
अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा
पूर्व विधायक-विधानसभा बेमेतरा
विनीत-समस्त क्षेत्रवासी जिला बेमेतरा

समस्त जिला वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ.
प्रज्ञा निर्वाणी
जिला अध्यक्ष
भाजपा महिला मोर्चा, बेमेतरा (छ.ग.)

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, किरीतपुर
(पंजीयन क्रमांक - 386)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
सुन्दर यादव
अध्यक्ष
एम.सी. अनंत
शाखा प्रबंधक
तेज राम साहू
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कठिया
(पंजीयन क्रमांक - 1138)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
ताराचंद साहू
अध्यक्ष
एम.सी. अनंत
शाखा प्रबंधक
गोपी किशन साहू
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्या. बेरला
(पंजीयन क्रमांक - 922)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
शैलेश महेश्वरी
अध्यक्ष
कमल नारायण शर्मा
शाखा प्रबंधक
सुखउ राम कुंभकार
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, चोगीखपरी
(पंजीयन क्रमांक - 377)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
हरेन्द्र यादव
अध्यक्ष
मनोज कुमार चंद्राकर
शाखा प्रबंधक
नरसिंग साहू
सहायक समिति प्रबंधक
आशीष राजपूत, अजय निषाद (कम्प्यूटर ऑपरेटर), कौशल कुमार, मनोज निषाद

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सरदा
(पंजीयन क्रमांक - 914)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक
लेखराम साहू
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, अछोली
(पंजीयन क्रमांक - 383)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
सनत कुमार सेन
अध्यक्ष
सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक
मनहरण साहू
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कुसमी
(पंजीयन क्रमांक - 381)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
बृजमोहन साहू
अध्यक्ष
सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक
रामकरण वर्मा
सहा. समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, खुड़मुड़ा
(पंजीयन क्रमांक - 380)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
विनोद कुमार निषाद
अध्यक्ष
राजकमल साहू
शाखा प्रबंधक
रमन कुमार चौबे
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्या. गोंड़गिरी
(पंजीयन क्रमांक - 385)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
यशवंत कुमार वर्मा
अध्यक्ष
कृष्ण कुमार यादव
शाखा प्रबंधक
शोभाराम साहू
सहा. समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्या. गुधेली
(पंजीयन क्रमांक - 85)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
नेतराम परगनिहा
अध्यक्ष
राजकमल साहू
शाखा प्रबंधक
बलराम साहू
सहा. समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, आनंदगाँव
(पंजीयन क्रमांक - 591)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
होरीलाल साहू
अध्यक्ष
सनत वर्मा
शाखा प्रबंधक
संदीप साहू
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बेमेतरा
(पंजीयन क्रमांक - 118)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
दोहाई वर्मा
अध्यक्ष
श्रवण कुमार जांगड़े
शाखा प्रबंधक
विनोद कुमार राजपूत
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, कंतेली
(पंजीयन क्रमांक - 390)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
भागीरथी साहू
अध्यक्ष
श्रवण कुमार जांगड़े
शाखा प्रबंधक
तिजऊराम निर्मलकर
समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, जिया
(पंजीयन क्रमांक - 375)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
डेसाहब वर्मा
अध्यक्ष
एम. सी. अनंत
शाखा प्रबंधक
जसवंत वर्मा
सहायक समिति प्रबंधक

सेवा सहकारी समिति मर्यादित, लेंजवारा
(पंजीयन क्रमांक - 387)
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
दीनदयाल साहू
अध्यक्ष
कमल नारायण शर्मा
शाखा प्रबंधक
तिलकराम साहू
सहायक समिति प्रबंधक

ग्राम पंचायत - जिया
जिलावासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं..
देवकी बाई वर्मा
सरपंच
अजित कुमार निषाद
सचिव

AUGUST
15th
अलग हैं भाषा, अलग है भेष,
फिर भी हमारा एक ही नारा है,
जान से भी प्यारा हमको
यह हिंदुस्तान हमारा है।
युवाओं के कंधों पर ही देश का सम्मान है,
हमारे बुलंद इरादों से ही बनता भारत महान है।
खून में उबाल हो, ऐसा हमारा जोश होना चाहिए,
वतन की तरक्की के लिए,
हर युवा को तैयार होना चाहिए।
हौसले हमारे चट्टान से भी भारी हैं,
देश को आगे बढ़ाने की अब हमारी बारी है।
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी
अध्यक्ष
जिला पंचायत बेमेतरा
योगेश तिवारी
सर्व सनातन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष
भाजपा किसान नेता बेमेतरा

खबर संक्षेप

15 अगस्त को नंदिनी नगर में निकलेगी देशभक्ति यात्रा

अहिवारा। स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं वीर शहीदों के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से युवा सेवा संघ विभाग के तत्वावधान में 15 अगस्त को नंदिनी नगर में विशाल देशभक्ति यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा नंदिनी आश्रम से सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। यात्रा में युवा सेवा संघ के कार्यकर्ता एवं देशभक्त नागरिक डीजे साउंड सिस्टम के साथ देशभक्ति गीतों एवं भारत माता की जय के जयघोष करते हुए शामिल होंगे। यात्रा के दौरान देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया जाएगा। यात्रा नंदिनी आश्रम से अहिवारा मुख्य मार्ग, मुरमुंदा, कंडरका, लिमतरा, नंदेरी, दादर, चरौदा, भिलाई-3, एसीसी चौक, जामुल, बोड़ेनाली, खुर्सीपार, छावनी चौक, बासीन, कोड़िया होते हुए पुनः आश्रम परिसर में समाप्त होगी। आयोजकों ने बताया कि यह देशभक्ति यात्रा युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, सेवा, एकता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना को मजबूत करने का एक सकारात्मक प्रयास है। यात्रा में अधिक से अधिक युवाओं एवं नागरिकों की सहभागिता का आह्वान किया गया है। आयोजन योग वेदांत सेवा समिति एवं संत आशारामजी बापू आश्रम के माध्यम से किया जा रहा है।

सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

कुम्हारी। पीएम श्री विद्यालय से सोनकर भवन तक सी.सी रोड़ निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने किया। लंबे समय से इस जर्जर सड़क को लेकर लोगों में नाराजगी थी इस सड़क निर्माण से आने जाने वाले राहगीरों के साथ ही विद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों को भी राहत मिलेगी। इस भूमिपूजन में लोकनिर्माण प्रभारी डिकेश पटेल, पार्षद ओम नारायण वर्मा, अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, उमेश्वरी लोकेश साहू, लता साहू, मिथलेश यादव, ईश्वर पटेल, एल्डरमैन सुनीता कुर्रे, साधना स्वर्णकार, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजू साहू, शुभम पाण्डेय एवं मंत्री जीतेन्द्र साहू उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं ने कोर्सेवाड़ा को किया सम्मानित

अहिवारा। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जामुल सरस्वती शिशु मंदिर में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। जन्मदिन समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, जनपद अध्यक्ष लीमन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविशंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार, पार्षद अनुज साहू, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पवन जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कीं और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

चिंगरी में हरेली तिहार की धूम, बच्चों ने गेड़ी चढ़कर लिया जमकर आनंद

अण्डा। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं प्रमुख पर्व हरेली तिहार के अवसर पर ग्राम चिंगरी में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। गांव में लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हरेली तिहार मनाया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह नजर आया और उन्होंने पारंपरिक गेड़ी पर चढ़कर जमकर आनंद लिया। ग्राम चिंगरी में भी बच्चों ने गेड़ी पर चढ़कर अपनी कला और संतुलन का प्रदर्शन किया। कोई बच्चा पहली बार गेड़ी चलाने का प्रयास करता नजर आया तो कोई काफी आत्मविश्वास के साथ गेड़ी पर घूमता रहा।

जागरूकता : एसपी त्रिलोक बंसल ने क्यूआर कोड स्कैन कर की शुरुआत

जिले में साइबर जागृति अभियान की शुरुआत 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच छत्तीसगढ़ पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी और ऑनलाइन अपराधों से बचाने के लिए प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' शुरू किया है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले सात सप्ताह के इस अभियान के तहत जिले में स्कूल-कॉलेज, बैंकिंग संस्थान, बाजार, ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जाएगा। अभियान में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'साइबर जागृति की एक सेल्फी' को मुख्य थीम बनाया गया है।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने प्रेस वार्ता में अभियान की लिंक और QR कोड जारी कर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं क्यूआर कोड स्कैन कर जागरूकता संदेश वाली सेल्फी ली और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। एसपी ने जिलेवासियों से भी क्यूआर कोड स्कैन कर सेल्फी लेने और उसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस और जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल पर जारी लिंक अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक जागरूकता संदेश वाली सेल्फी फ्रेम में अपनी तस्वीर ले सकेंगे। इस सेल्फी को सोशल मीडिया पर शेयर करने से साइबर अपराध से बचाव का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। एसपी बंसल ने कहा कि साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस के साथ आम जनता की जागरूकता भी जरूरी है। जिस तरह देश की आजादी के लिए करोड़ों लोग एकजुट हुए थे, उसी तरह साइबर अपराध के खिलाफ भी सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों, संस्थानों, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, प्रोफेशनल्स, कलाकारों और गणमान्य नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

2 अक्टूबर को होगा समापन

सात सप्ताह तक चलने वाले 'साइबर जागृति अभियान' का समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर होगा। अभियान का उद्देश्य लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, वित्तीय धोखाधड़ी और डेटा संबंधी अपराधों के प्रति सतर्क करना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, डीएसपी कौशिल्या साहू, एसडीओपी भूषण एक्का, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, सीएमओ नरेश वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला श्रम अधिकारी देवेंद्र चंद्रवंशी, चेंबर ऑफ कॉमर्स से केशव मोटवानी, सराफा एसोसिएशन से सुशील शर्मा, लीड बैंक अधिकारी सुशील सिंह, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, लोकेश सिंह, योगेश यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

हर सप्ताह अलग विषय पर होंगे कार्यक्रम

अभियान के पहले सप्ताह में स्कूल-कॉलेजों में डिजिटल सतर्कता और बुनियादी साइबर सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी। दूसरे सप्ताह बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में वित्तीय धोखाधड़ी और यूपीआई सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। तीसरे सप्ताह वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल से बचाव की जानकारी दी जाएगी। चौथे सप्ताह महिला कॉलेजों और सामुदायिक समूहों में स्मार्टफोन प्राइवेसी एवं सुरक्षित ब्राउजिंग पर अभियान चलेगा। पांचवें सप्ताह रोजगार कार्यालयों, आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों में युवाओं को जॉब फ्रॉड और फिशिंग से बचने के तरीके बताए जाएंगे। छठवें सप्ताह डेटा प्राइवेसी और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल पर जागरूकता फैलाई जाएगी। सातवें सप्ताह ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में गांधी जयंती के अवसर पर 'साइबर मुक्त छत्तीसगढ़' का संकल्प दिलाया जाएगा।

चौक-चौराहों से बाजार तक प्रचार: जिला पुलिस की टीमें और स्थानीय थाना पुलिस सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, पार्कों और बाजारों में पोस्टर-बैनर के माध्यम से **QR** कोड का प्रचार करेंगी। पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुपों में भी अभियान की लिंक साझा की जाएगी।

विवाद मुक्त गांव बनाने की पहल, निकुम पहुंचे एडीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा चयनित ग्राम निकुम में सामुदायिक मध्यस्थता जागरूकता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली द्वारा जारी 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत ग्राम निकुम में जागरूकता एवं संवाद बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। यहां हरेली पर्व पर ग्रामीणों को सामुदायिक मध्यस्थता की उपयोगिता एवं उसके व्यावहारिक स्वरूप से अवगत कराया गया। इस आयोजन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे), स्थाई लोक अदालत दुर्ग अध्यक्ष सुषमा लकड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव उमेश कुमार भगवतकर का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। बैल गाड़ी में जागरूकता संदेश देते हुए गांव में रैली की गई। जिसमें महिलाएं छत्तीसगढ़ी पोषक सहित महिला समूह सहित ग्रामीणों में ग्राम सरपंच भागवत पटेल के तत्वाधान में स्वागत किया।

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग का सामुदायिक मध्यस्थता जागरुकता अभियान

प्रधान जिला एवं सत्यनालय दुर्ग ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत ने ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान गांव को वाद-विवाद मुक्त ग्राम बनाने की दिशा में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। एडीजे ने ग्रामीणों से कहा कि छोटे-छोटे विवादों को आपसी बातचीत और समझदारी से सुलझाने से गांव में सौहार्द और भाईचारा कायम रहता है। न्यायालय तक पहुंचने से पहले आपसी सहमति और सामाजिक स्तर पर विवादों के समाधान को प्राथमिकता देने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण कर लौटे निकुम के मीडियेटर माधव प्रसाद देशमुख, मंजूषा मेश्राम, भागवत पटेल को सम्मानित किया गया, इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ तोप सिंह अमृत, शालिक साहू, पीतांबर यादव, सचिव विश्वास भारती, रोजगार सहायिका अनिता टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे।

अंचल की खबरें

तिरंगा है स्वतंत्रता का प्रतीक : कल्पना

जामगांव आर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमना के विद्यार्थियों ने को गाजे बाजे और गगन भेदी नारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान 15 अगस्त को स्कूल प्रांगण में होने वाले ध्वजारोहण में सबको शामिल होने का प्रभावी निमंत्रण दिया गया। इस तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, सुरपा सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी नारद साहू ,ढालसिंग साहू , इंगेश्वर प्रसाद ठाकुर प्रधान पाठक , आभा तारे हेड मास्टर,चौमेंद्र कुमार मरकाम, महावीर निषाद ,ममता चन्द्राकार , सुमन साहू आदि शामिल हुए। जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहु ने कहा कि घर घर के प्रत्येक सदस्य ध्वजारोहण स्थल तक अवश्य पहुंचे। सेवा सहकारी समिति सुरपा अध्यक्ष नारद साहू ने कहा ध्वजारोहण के दिन ध्वजारोहण स्थल पर सभी एकत्र होकर साक्षी अवश्य बने। समाजसेवी ढालसिंह साहू ने कहा कि तिरंगा साधुता सादगी और जीवन में हरे भरे रहने का संदेश देता है।

मुड़पार स्कूल में देखी मध्यान्ह भोजन व्यवस्था

ओखरा (मुरमुन्दा)। धमधा विकासखण्ड के नारधा संकुल के अंतर्गत प्राथमिक शाला मुड़पार में अक्षयपात्र की क्वालिटी टीम ने दौरा किया। प्रभारी दीपिका चौधरी ने बच्चो से बात कर भोजन का स्वाद, मीनू व गुणवत्ता के बारे में बच्चो से चर्चा की। प्रभारी दीपिका चौधरी ने स्कूल के स्वच्छ आकर्षक वातावरण, किचन गार्डन, रनिंग वाटरभोजन ग्रहण किचन शेड को देखकर प्रसन्नता जताई। इस अवसर पर वितरण प्रभारी यशपाल साहू, पुष्कर देवांगन, जितेंद्र सिंह, सहदेव यादव स्कूल के साथ प्रधानपाठक अमृत लाल सिन्हा, अनिता पांडेय, दीपक गुप्ता, रत्नबाला साहू और रसोइया मालती आदि उपस्थित थे।

योग से मिलती है निरोगी काया : साहू

जामगांव आर। उपतहसील स्तरीय योग समिति अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू के मार्गदर्शन में बेलहारी प्रांगण में योग प्रेमी जुटे। जहां सूर्योदय से पहले योग के विभिन्न आयामों को करके उसके लाभ से लोगों को अवगत कराया। योग विद्या में विशेषज्ञ रोमलाल साहू ने कहा कि योग से शरीर तो निरोग होता ही है,योग अनुशासन और संस्कार भी मिलता है। आरएसएस के जिला पदाधिकारी हलधर महमल्ला ने कहा कि संस्कार बाजार में नहीं खरीदे जा सकते है इसलिए माता पिता वही करे जो संतान को बनाना चाहते हैयोग शाला मंच में नवागांव से इंद्रकुमार साहू,राजेंद्र कुमार बेल्हारी हलधर महमल्ला, रोमलाल साहू,शिवकुमार साहू,बाबूलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दुर्ग में 93 हजार बच्चों को कृमिमुक्त अभियान से लाभान्वित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

विकासखण्ड दुर्ग (निकुम) अंतर्गत ग्राम महमरा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ सभापति स्वास्थ्य समिति एवं जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने किया। वहीं दुर्ग ग्रामीण विधायक की धर्मपत्नी मीनाक्षी चंद्राकर ने विधायक कार्यालय में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान में सहभागिता की। विधानसभा दुर्ग ग्रामीण की 81 ग्राम पंचायतों में करीब 93 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत 115 प्राथमिक शाला, 76 पूर्व माध्यमिक शाला एवं 39 उच्चतर माध्यमिक शालाओं सहित कुल 230 विद्यालयों के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। अभियान के दौरान 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली तथा 2 से 3 वर्ष के बच्चों को एक गोली बारीक पीसकर देने की व्यवस्था की गई। वहीं शाला त्यागी बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। कार्यक्रम में विधायक के निज सहायक युवराज बेलचंदन, कार्यालय सहायक हितेश देशमुख, शुभम शर्मा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र किशोर बेलचंदन, शहरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जय कुमार चुनारकर, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक संजीव दुबे, बी.ई.टी.ओ. रीतारानी राय एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता अंशुमन त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के भव्य आयोजन की तैयारी

जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने गुरुवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन कर नगर में भ्रमण करते हुए देश भक्ति से ओतप्रोत नारा लगाए। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता दिवस के पहले जन जागरण का काम करेगी यह यात्रा ध्वजारोहण में शामिल होने का निमंत्रण भी है।

प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने गत दिनों ग्राम पंचायत में सभी संस्थाओं की संयुक्त बैठक में सरस्वती शिशु मंदिर को थाना,छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक,उप तहसील कार्यालय,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक,शासकीय पशु चिकित्सालय और आंगन बाड़ी केंद्र 5 ध्वजारोहण कराने की दायित्व सौंपा है। जिसका निर्वहन करते हुए भव्य जुलूस हाईस्कूल मार्ग, बाजार चौक, सदरलाइन, पटेल पारा, बस स्टैंड होते हुए 8 बजे विद्यालय में ध्वजारोहण करेंगे।

कौशल विकास का प्रशिक्षण हुआ पूरा, मिला जॉब ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहिवारा

जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा सीएसआर के अंतर्गत संचालित श्रीपति सिंघानिया स्किल डेवलपमेंट सेंटर, अहिवारा में जॉब रेडीनेस प्रोग्राम के 13वें बैच का ग्रेजुएशन समारोह एवं 14वें बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीएसपी, दुर्ग डॉ. चित्रा वर्मा थीं। अध्यक्षता प्लांट हेड राजपाल सिंह ने की। इस अवसर पर लायज़निंग हेड संजय अरोरा भी उपस्थित रहे।

- श्रीपति सिंघानिया स्किल डेवलपमेंट सेंटर में समारोह का आयोजन

कार्यक्रम में 13वें बैच के 30 प्रशिक्षुओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया, जबकि 14वें बैच में 30 नए प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया।

प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिनमें 20 प्रशिक्षुओं का चयन टाटा मोटर्स, अहमदाबाद में रोजगार के लिए हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. चित्रा वर्मा ने कहा कि यदि युवा समय का सही प्रबंधन करें और अपने कौशल का निरंतर विकास करें, तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्लांट हेड राजपाल सिंह ने कहा कि कौशल विकास युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रारंभ में सीएसआर हेड संजय कुमार दुबे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में कंपनी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
• मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हर घर
तिरंगा
समस्त
जिलावासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ.
विजय सिन्हा
अध्यक्ष
नगर पालिका बेमेतरा

खबर संक्षेप

ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का होगा क्यूआर कोड रजिस्ट्रेशन

भिलाई। यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और शहर में ऑटो एवं ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने के लिए यातायात पुलिस ने नई पहल शुरू की है। अब जिले में संचालित ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कर उन्हें क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। इस क्यूआर कोड के जरिए यात्री संबंधित चालक की पहचान और सत्यापन से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत 16 अगस्त से ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों का रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल के निर्देश पर शुरू की जा रही इस पहल को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में करीब 150 ऑटो चालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने चालकों को क्यूआर कोड आधारित रजिस्ट्रेशन व्यवस्था के उद्देश्य, प्रक्रिया और इसके फायदे की जानकारी दी। यातायात पुलिस के अनुसार प्रत्येक ऑटो और ई-रिक्शा चालक के सत्यापन के बाद उसे QR कोड से सामने आएगी चालक की पहचान कोड जारी किया जाएगा। यात्री ऑटो में उपलब्ध QR कोड से सामने आएगी चालक की पहचान कोड को स्कैन कर चालक की पहचान और सत्यापन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे यात्रियों के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने के साथ ही ऑटो चालकों की पहचान सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

ताला तोड़कर चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। शहर में बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का वैशाली नगर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, गैस सिलेंडर, अन्य चोरी का सामान और वारदात में इस्तेमाल वाहन बरामद किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार वैशाली नगर क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्धों पर नजर रखी। चोरी के सामान को बेचने वाले संभावित लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई गई। इसी दौरान मिले सुरागों के आधार पर पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

निधन

टीआर जनार्दन

बेमेतरा। शहर के प्रतिष्ठित नागरिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष टीआर जनार्दन का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे।

आयोजन : तिरंगे के रंग में रंगा शहर, सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

स्वतंत्रता दौड़ में एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, तीन किमी यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत गुरुवार को बेमेतरा शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा एवं स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। सांसद बघेल ने जय स्तंभ चौक से स्वतंत्रता दौड़ और तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। आयोजन में हजारों छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, छत्तीसगढ़ रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू सहित कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

दौड़ में दिखा युवाओं का जोश

कार्यक्रम की शुरुआत जय स्तंभ चौक से स्वतंत्रता दौड़ के साथ हुई। इसमें एक हजार से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों के साथ दौड़ते विद्यार्थियों ने शहर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा।

तीन किमी लंबी तिरंगा यात्रा: स्वतंत्रता दौड़ के बाद सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में करीब तीन किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा जय स्तंभ चौक से शुरू होकर परशुराम चौक, सिग्नल चौक, भारत माता चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जय स्तंभ चौक पहुंची। यात्रा में विद्यालयों के बैंड, देशभक्ति गीतों और राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा। मार्ग के दोनों ओर खड़े नागरिकों ने पुष्पवर्षा और तालियों से यात्रा का स्वागत किया।

बारिश भी नहीं रोक सकी देशभक्ति: तिरंगा यात्रा के दौरान हुई रिमझिम बारिश भी लोगों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। फुहारों के बीच स्कूली छात्र-छात्राएं तिरंगा लहराते हुए यात्रा में शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को तिरंगे से सजाकर अभियान के प्रति समर्थन जताया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने का सामूहिक संकल्प लिया।

हर घर तिरंगा राष्ट्र गौरव का अभियान : बघेल

तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्र के प्रति गौरव, सम्मान और समर्पण की भावना जगाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि 1947 में मिली आजादी को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना होगा। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन लाखों लोगों की पीड़ा, बलिदान और संघर्ष को याद करने का अवसर है, जिन्होंने विभाजन के दौरान असहनीय कष्ट झेले। उन्होंने नागरिकों से अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मारो में निकली तिरंगा पदयात्रा राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा नगर

मारो। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नगर में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का संदेश देने के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे के नेतृत्व में अटल परिसर से नगर के विभिन्न वार्डों तक तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा पदाधिकारियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर निकले कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों को राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता का संदेश दिया।

पदयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय वर्मा, भाजपा मारो मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, जनपद पंचायत नवागढ़ के विधायक प्रतिनिधि टोप सिंह वर्मा, जिला भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गोस्वामी, जिला मंत्री शुभम शुक्ला, नगर पंचायत मारो उपाध्यक्ष माधव ठाकुर, पार्षद सुरेश पाटिल, सभापति मनोज गुंबर, सेवा सहकारी समिति मारो अध्यक्ष नरेंद्र साहू, किसान मोर्चा जिला मंत्री राजेश वर्मा एवं ओबीसी मोर्चा मारो मंडल अध्यक्ष संतोष साहू सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

इसी तरह भाजपा युवा मोर्चा मारो मंडल महामंत्री अजय देशलहरे एवं दीनू साहू, सह कोषाध्यक्ष नरेश देशलहरे, उपाध्यक्ष सत्यम साहू एवं सुनील साहू, एससी मोर्चा मारो मंडल महामंत्री कार्तिक कोसले, सरपंच बुंदेला सत्रोहन राजपूत, प्रमोद सी. ठाकुर, जालंधर ठाकुर, सोनू तिवारी, राजा पाटिल सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदयात्रा के दौरान पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस को उत्साह एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाने तथा तिरंगे के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

कुसमी में तिरंगा साइकिल यात्रा ने जगाया राष्ट्रप्रेम, विद्यार्थियों ने दिया एकता और देशभक्ति का संदेश

बेमेतरा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत कुसमी स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी उच्चतर माध्यमिक शाला से तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई।

■ जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में निकली यात्रा

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। साइकिलों पर तिरंगा लेकर निकले विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, कुसमी का वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगता गया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे विद्यार्थियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया। विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सहभागिता यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। सड़क से गुजरते तिरंगे के साथ साइकिल सवार विद्यार्थियों को देखकर नगरवासियों में भी उत्साह और देशभक्ति की भावना दिखाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए गौरव और आत्मसम्मान का पर्व है। देश की आजादी अनेक वीरों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। इसलिए राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों को भी समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देशभक्ति केवल हाथ में तिरंगा लेने तक सीमित नहीं है।

ईमानदारी से पढ़ाई और अनुशासन भी सच्ची राष्ट्रसेवा: कल्पना तिवारी

ईमानदारी से पढ़ाई करना, अनुशासन में रहना, माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करना तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी सच्ची राष्ट्रसेवा है। उन्होंने बच्चों से अपने लक्ष्य के प्रति मेहनत करने और भविष्य में देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं। तिरंगा साइकिल यात्रा के माध्यम से नई पीढ़ी को देश की आजादी के महत्व से जोड़ने का यह सार्थक प्रयास है। यात्रा में नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, शाला समिति अध्यक्ष संतोष साव, पार्षद देवकुमार साहू, नंदकिशोर साहू, दीपक साहू, समीर साहू, यामिनी साहू, मंजू यादव, रमेश साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रवण जी, बाबूलाल साहू, पीटीआई वैष्णो सर, थानाराम साहू सहित विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। तिरंगे की शान के साथ आगे बढ़ते विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे कुसमी क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का माहौल बना दिया। यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के हाथों से समाज तक राष्ट्रप्रेम का संदेश पहुंचाने की प्रभावी पहल बनकर सामने आई।

जिला कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी, नपा अध्यक्ष विजय ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला कार्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान देशवासियों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन, संघर्ष और बलिदान को दर्शाने वाले दुर्लभ ऐतिहासिक छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न छायाचित्रों का बारीकी से अवलोकन किया तथा विभाजन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि भारत विभाजन की विभीषिका हमारे इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण और पीड़ादायक अध्याय है। उस दौर में लाखों लोगों को विस्थापन और असहनीय पीड़ा का सामना करना पड़ा। नई पीढ़ी को इतिहास के इस अध्याय से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि वे देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव के महत्व को समझ सकें। उन्होंने जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं और विद्यार्थियों को इतिहास की वास्तविक घटनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों, विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं से प्रदर्शनी का अधिक से अधिक अवलोकन करने की अपील की। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय यह छायाचित्र प्रदर्शनी आमजन के लिए खुली है। प्रदर्शनी स्थल पर विभागीय अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा आगंतुकों को प्रदर्शित छायाचित्रों के ऐतिहासिक महत्व एवं विभाजन से जुड़ी घटनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

चोरभट्ठी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सशक्त युवा, सशक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चोरभट्ठी एवं लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का उद्देश्य युवाओं एवं महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ समाज के जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क विधिक सहायता और न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना रहा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा सरोज नन्द दास के मार्गदर्शन तथा सचिव स्वर्णलता ओम यादव के निर्देशन में किया गया। अधिकारों की जानकारी देकर किया जागरूक शिविर में अधिकार मित्र पंकज घृतलहरे, धरमु बारले एवं स्वाति कुंजाम ने यूनिट जागृति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूनिट जागृति का उद्देश्य जमीनी स्तर पर लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, न्याय तक पहुंच, लोक अदालत तथा उपलब्ध कानूनी संसाधनों के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षणार्थियों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। युवाओं एवं महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में भी विधिक जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

साइबर अपराध से लेकर महिला सुरक्षा तक योजनाओं की जानकारी

शिविर में नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं के साथ 'हमर अंगना' योजना, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, साइबर अपराध से संबंधित टोल-फ्री नंबर 1930, नालसा की टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100, गरीबी उन्मूलन की प्रभावी क्रियान्वयन योजना 2015 तथा टोनही प्रताड़ना अधिनियम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकार मित्रों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने अधिकारों को जानें, कानून का सम्मान करें और न्याय एवं विधिक सहायता से संबंधित जानकारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभागी बनें। शिविर के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को कानून के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की पहुंच बढ़ाने का संदेश दिया गया।

डॉ. राकेश कुमार मौर्य ने विद्यार्थियों को अभियांत्रिकी के क्षेत्र में दिया मार्गदर्शन

प्रेरणा विद्यालय में तीसरी हायर लर्निंग क्लास आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अनुसंधान एवं विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से प्रेरणा विद्यालय में तीसरी हायर लर्निंग क्लास का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आईआईटी रोपड़, पंजाब के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. राकेश कुमार मौर्य ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपने शैक्षणिक एवं शोध अनुभव साझा किए। डॉ. मौर्य ने विद्यार्थियों को जिज्ञासु, तार्किक एवं समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर सीखने, स्व-अध्ययन करने तथा अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सत्र के दौरान ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता, ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत, उत्सर्जन नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. मौर्य ने विज्ञान एवं तकनीक के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान तलाशने की दिशा में विद्यार्थियों को सोचने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने पूछे सवाल, विशेषज्ञ ने दिए सहज जवाब: हायर लर्निंग क्लास के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान, अभियांत्रिकी, ऊर्जा एवं अनुसंधान से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे। प्रश्नोत्तर सत्र में डॉ. मौर्य ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का सरल एवं सहज तरीके से समाधान किया। संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र की व्यावहारिक समझ विकसित करने और विशेषज्ञ के अनुभवों से सीखने का अवसर मिला।

75 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र प्रकाशित

डॉ. राकेश कुमार मौर्य ने आईआईटी कानपुर से बीटेक, एमटेक एवं पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की है। उनके शोध के प्रमुख क्षेत्र आंतरिक दहन इंजन, वैकल्पिक ईंधन, इंजन दहन, उत्सर्जन नियंत्रण एवं पर्यावरणीय जोखिम आकलन हैं। उन्हें विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड का प्रारंभिक करियर अनुसंधान पुरस्कार तथा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उनके 75 से अधिक अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

स्मृति-चिह्न भेंट कर किया सम्मान

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से डॉ. राकेश कुमार मौर्य को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के लिए अपना बहुमूल्य समय देने तथा उन्हें प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। तीसरी हायर लर्निंग क्लास विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रही। इस प्रकार के संवादात्मक सत्र विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के अनुभवों से सीखने और उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अपने भविष्य की संभावनाओं को समझने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।